तारीख हुक्म	हुक्म कार्यवाही मय इनिशियल जज
23-1-24	पत्रावली पेश हुई।

वादी भागीरथराम पुत्र धनाराम जाति विश्नोई निवासी अजाणियों की ढाणी तहसील धोरीमन्ना उनके अधिवक्ता सहित स्वयं उपस्थित होकर एक प्रार्थना पत्र न्यायालय में विचाराधीन राजस्व वाद जरिये राजीनामा विड्रो करने का प्रस्तुत किया। वादी की पहचान वकिल श्री ओमप्रकाश विश्नोई ने दी। जो शामिल पत्रावली हो।

वादी का निवेदन है कि उक्त वाद के सम्बन्ध में हमने न्यायालय के बाहर मिल बैठ कर परिवार एवं सगे सम्बन्धियों की सलाह पर समझाईश कर सुलह कर ली है। उक्त विवादित खेत खसरों सम्बन्ध में किया गया वाद लोक अदालत की भावना से प्रेरित होकर विड्रो करना चाहता हूँ, अब मैं इस वाद को आगे चलाना नही चाहता हूँ। उक्त वाद को जरिये राजीनामा विड्रो करना चाहता हूँ।

अतः वादी प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर वादी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र के आधार पर वाद इसी स्तर पर विड्रो किया जाता है। पत्रावली फैसल सुमार होकर दाखिल दफ्तर हो।

सहायक कलक्टर
(SDO) धोरीमन्ना

Signature Not Verified

Digitally signed by Dhirendra Singh
Date: 2024.06.12 16:33:01 IST
Reason: SelfAttested

Scanned with OKEN Scanner